

## शोले में अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता ने भी किया था काम, सुनाया किस्सा

कौन बनेगा करोड़पति 13 के 15 अक्टूबर को आने वाले शानदार शुक्रवार स्पेशल एपिसोड में हेमा मालिनी और डायरेक्टर रमेश सिप्पी नजर आएंगे। यह एपिसोड एक तरह से शोले फिल्म का रीयूनियन होगा। दरअसल शोले को रमेश सिप्पी ने डायरेक्ट किया था। उसमें जहां हेमा मालिनी बसंती के रोल में थीं तो अमिताभ बच्चन जय के रोल में थे। वहीं धर्मेंद्र वीरू के रोल में नजर आए। लेकिन इन लोगों के अलावा अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता भी शोले का हिस्सा थीं। श्वेता बच्चन का जन्म 1974 में हुआ था और उस वक्त तक शोले की शूटिंग चल रही थी। तो फिर वह कैसे इस फिल्म का हिस्सा रहीं? इसके बारे में अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया, उस वक्त जया जी प्रेगनेंट थीं। हमारी पहली बेटी श्वेता पेट में थीं। अभी में श्वेता से बात करता हूं तो कहता हूं कि आपने भी शोले में काम किया हुआ है। यह सुनकर सभी हंसने लगते हैं। अमिताभ ने आगे बताया कि फिल्म की शूटिंग बेंगलुरू में हुई थी। रमेश सिप्पी ने वहां रामनगरम नाम का एक गांव ढूंढा और तब वहां शोले के लिए सेट बनाकर फिल्म शूट की गई। अमिताभ ने बताया कि उस गांव में सारा इलाका पहाड़ी था और कोई सड़क भी नहीं थी। तो रमेश सिप्पी ने वहां मकान भी बनवाए और सड़क भी।

## फिर गदर मचाने को तैयार तारा सिंह और सकीना, ये होगी कहानी

साल 2001 में जब सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदरः एक प्रेम कथा रिलीज हुई थी, तो इसने जबरदस्त रेकॉर्ड बनाया था। यह फिल्म उस वक्त की सबसे सफल फिल्म बन गई थी। यह उस वक्त की दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई थी। तभी से फैन्स गदर एक प्रेम कथाश के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब जाकर खत्म हुआ है। जी हां, तारा सिंह और सकीना की जोड़ी गदर 2 से वापसी कर रहे हैं। हाल ही इस फिल्म की अनाउंसमेंट की गई। सनी देओल ने गदर 2 की मोशन पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 2 दशक बाद..फाइनली इंतजार खत्म हुआ। सीक्वल की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पर पहले पार्ट की कहानी खत्म हुई थी। बता दें कि गदर एक प्रेम कथाश रिलीज के वक्त छा गई थी और तारा सिंह व सकीना की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म में सकीना के रोल के लिए अमीषा को 500 लड़कियों में से चुना गया था। सीक्वल में अब जीते बड़ा हो जाएगा और आगे की कहानी दिखाई जाएगी।

## कृष्णा ने सुप्रिया पाठक को बताया अमिताभ की प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगने का गजब तरीका



द कपिल शर्मा शो में तापसी पन्नू संग पहुंचीं सुप्रिया पाठक को कृष्णा अभिषेक ने अमिताभ बच्चन की प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगने का एक ऐसा अनोखा तरीका बताया कि सुनकर सभी हंस पड़े। कपिल शर्मा के कॉमिडी शो द कपिल शर्मा शो में इस वीकेंड तापसी पन्नू अपनी फिल्म रश्मि रॉकेटकी टीम के साथ नजर आएंगी। हाल ही उन्होंने सुप्रिया पाठक और अन्य स्टार्स के साथ इस एपिसोड की शूटिंग की, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है। जहां शो में कपिल शर्मा ने तापसी पन्नू की खूब खिंचाई की, वहीं पूरी टीम ने भी जमकर मस्ती की। इसी बीच कृष्णा अभिषेक ने सुप्रिया पाठक को अमिताभ बच्चन की प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगने का तरीका बता डाला। कृष्णा अभिषेक, जो कपिल के शो में सपना पार्लर वाली के रोल में हैं, उन्होंने सुप्रिया पाठक से कहा, आपको वो पिक्चर देखी थी सरकार। उसमें आपने अमित जी (अमिताभ बच्चन) की वाइफ का रोल प्ले किया था। इस पर सुप्रिया कहती हैं, हां, थैंक गॉड मां का नहीं किया।

# आर्थर रोड जेल की कैंटीन से ये सब खरीद सकते हैं आर्यन खान


*बॉलिवुड ऐक्टर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ड्रग्स मामले में मुंबई की आॅर्थर रोड जेल में बंद हैं। मुंबई सेशन कोर्ट ने बीते गुरुवार को उनके केस में आदेश सुरक्षित कर लिया और 20 अक्टूबर को फैसला सुनाएगा। जिसके चलते आर्यन खान को 20 अक्टूबर तक जेल में ही रहना होगा। जेल के अंदर आर्यन खान को घर के खाने के अनुमति नहीं है तो उनके पिता शाहरुख खान ने 4500 रुपये का मनी ऑर्डर जेल में भिजवाया था। आर्यन खान इन पैसों का इस्तेमाल जेल की कैंटीन के खर्चे के लिए करते हैं।*

एक न्यूज पोर्टल के अनुसार, जेल की कैंटीन में कई तरह की खाने की चीजें की मिलती हैं। इसमें ब्रेड, फरसानध्नमकीन, भेज, वड़ापाव, भाजीपाव, समोसा, चिकल थाली, अंडा थाली, मिनरल बॉटल और जूस शामिल है। आर्यन खान जेल के अंदर की कैंटीन में इन चीजों को खरीदकर खा सकते हैं।

जेल सुपरिंटेंडेंट नितिन वायचाल ने कन्फर्म किया था कि आर्यन खान को जेल के अंदर बीती 11 अक्टूबर को 4500 रुपये का मनी ऑर्डर आया था। आर्यन खान को ये मनी ऑर्डर उनके पिता शाहरुख खान ने भिजवाया था। आर्यन खान ने इस मनी ऑर्डर का इस्तेमाल अपने कैंटीन खर्च के लिए है। जेल के नियम के मुताबिक, एक कैदी को एक महीने में सिर्फ 4500 रुपये के मनी ऑर्डर की अनुमति है।

गिरफ्तारी के करीब 12 दिन बाद आर्यन ने जेल से फोन पर





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## आर्यन खान ने अरबाज मर्चेंट को किया था मेसेज, लिखा- लेट्स हैव अ ब्लास्ट

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट में आर्यन खान की जमानत का विरोध किया। इस दौरान एजेंसी ने वॉट्सऐप चैट्स का जिक्र किया जो आर्यन के फोन में मिली थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी वॉट्सऐप चैट्स में मुख्य तौर पर तीन चीजें मिली हैं। पहला, एनसीबी ने दावा किया कि 6 ग्राम चरस जो कि अरबाज के पास से मिली थी, उसका इस्तेमाल अरबाज और आर्यन करने वाले थे। एनसीबी काउंसिल, अडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने कोर्ट से आर्यन और अरबाज की चौट को नोट करने के लिए कहा जिसमें उन्होंने लिखा था कि वे ब्लास्ट करने जा रहे हैं।

शाहरुख और गौरी से बात की। आर्यन ने जेल से मां गौरी और पापा शाहरुख को वीडियो कॉल किया। बता दें कि आर्थर रोड जेल में वीडियो कॉल की सुविधा बीते साले कोरोना पेंडेमिक के दौरान शुरू की गई थी ताकि कैदी अपने घरवालों और वकीलों से बात कर सकें। जेल के एक सीनियर अधिकारी ने बताया, श्आर्यन ने अपनी मां का नंबर दिया था और उस नंबर पर उन्होंने मां और पापा से वीडियो कॉल पर 10 मिनट तक बात की। नियम के मुताबिक, विचाराधीन कैदी महीने में दो या तीन बार अपने घरवालों या वकीलों से जेल पुलिस कॉन्स्टेबल की मौजूदगी में वीडियो कॉल पर बात कर सकते हैं।

# अफसाना खान की गंदी हरकतों से तंग हुए घरवाले



*बिग बॉस 15 अपनी शुरुआत से ही शबाब पर है। शो में एक ओर जहां करण कुंद्रा, जय भानुशाली, विशाल कोटियन और तेजस्वी प्रकाश के तेज दिमाग के दर्शक कायल हो रहे हैं, वहीं अफसाना खान की गंदी हरकतों ने न सिर्फ घर के अंदर कंटेस्टेंट्स बल्कि बाहर दर्शकों का भी मूड खराब कर दिया है। अफसाना खान बिग बॉस के घर की प्रॉब्लम चाइल्ड बन गई हैं। वह विशाल कोटियन और शमिता शेट्टी से कभी भी भिड़ जाती हैं। रोने लगती हैं। बॉडी शेमिंग और ऐज शेमिंग करती हैं। लेकिन लगता है कि इस बार उन्होंने हद पार कर दी है।*

बिग बॉस 15 के घर में अभी भी जंगलवासी और घरवासी के बीच दंगल का माहौल है। शमिता शेट्टी, निशांत भट्ट और प्रतीक सहजपाल घर के अंदर हैं। अफसाना खान आम तौर पर पहले ही दिन से शमिता शेट्टी से भिड़ती रहती हैं। अब 24 घंटे लाइव टेलीकास्ट में अफसाना और शमिता के बीच एक और गंदी लड़ाई हुई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें अफसाना, शमिता के लिए गंदी औरत, घटिया औरत, बुड्ढी, फ्लॉप स्टार और यहां तक तक कहती नजर आ रही हैं कि हमारी गली से गुजरना तुम्हें कोई नहीं पहचानेगा।

**अफसाना पर खूब चीखे करण कुंद्रा**

शमिता और अफसाना के इस मौखिक युद्ध के दौरान वहां बाकी घरवाले भी नजर आ रहे हैं। करण कुंद्रा से लेकर जय भानुशाली और विशाल कोटियन शमिता को शांत करने दिख रहे हैं। लेकिन लगता है कि करण, अफसाना के इस बर्ताव से बुरी तरह बिफर गए हैं। वह एक वीडियो क्लिप्ध में इस लड़ाई के बाद अफसाना के पास जाकर बुरी तरह चीख रहे हैं। करण चीखते हुए कहते हैं, श्बस कर जा... अब बस कर, चुप कर जा... मैं कह रहा हूं चुप कर जा... करण को इस तरह चीखते देख अफसाना वहां से उठकर चली जाती हैं। यह पहला मौका नहीं है जब घर में अफसाना ने इस तरह की हरकत की है। अमूमन हर दिन वह किसी न किसी से भिड़ जाती हैं। खासकर उनके निशाने पर शमिता शेट्टी या विशाल कोटियन रहते हैं।